Title: Regarding blackmarketing of sugar in the local market by the sugar factories in Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : सभापति महोदय, महाराट्र में दस चीनी मिलें हैं और ये चीनी मिलें कांग्रेस पार्टी और राट्रवादी कांग्रेस पार्टी की हैं। इन चीनी मिलों को निर्यात के नाम पर सेंटर से जो कोटा मिलता था, उस कोटे की चीनी इन्होंने लोकल मंडियों में बेच दी है। इस बाबत जो इन्होंने ऋण लिया था, उसका भी नुकसान हुआ है। करीब 20 करोड़ रुपए का नुकसान इन चीनी मिलों के द्वारा किया गया है। राज्य के लोकल कोआपरेटिव बैंकों, नाबार्ड और औद्योगिक बैंक से इनको कर्जा मिलता था, लेकिन उसका इन्होंने मिसयूज किया। देश में निर्यात बढ़ाने के स्थान पर इन्होंने अपने कोटे की चीनी यहां मंडियों में बेच दी। मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहता हूं कि इस मामले की जांच की जाए और दोाी व्यक्तियों के खिलाफ जुर्माना किया जाए तथा जो बोर्ड के डायरेक्टर हैं, उनको तत्काल सस्पेंड किया जाए।